DD(CSR portal)
6.7.

# राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक प. 4(7)शिक्षा–1 /2014 जयपुर, दिनांक : 6.7.17

राज्य परियोजना निदेशक,
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
जयपुर।

**विषय राज्य के राजकीय विद्यालयों के विकास हेतु कोरपोरेट सोशल रेस्पोन्सिबिलिटी (Corporate Social Responsibility) के अन्तर्गत विभिन्न औद्योगिक संस्थानो एवं दानदाताओ/जन समुदाय से सहयोग राशि प्राप्त करने के लिये राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् के अधीन राजस्थान एज्यूकेशन फण्डिंग पोर्टल एवं एज्यूकेशन फण्ड (शिक्षा कोष) का नाम निर्धारण करने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य के राजकीय विद्यालयों के विकास हेतु कोरपोरेट सोशल रेस्पोन्सिबिलिटी (Corporate Social Responsibility) के अन्तर्गत विभिन्न औद्योगिक संस्थानो एवं दानदाताओ/जन समुदाय से सहयोग राशि प्राप्त करने के लिये राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् के अधीन **राजस्थान एज्यूकेशन फण्डिंग पोर्टल एवं एज्यूकेशन फण्ड (शिक्षा कोष)** स्थापित किया जा रहा है। इस पोर्टल का नाम निम्न प्रकार से निर्धारित किया गया है:–

| पोर्टल/एज्यूकेशन फण्ड | निर्धारित किया गया नाम |
|---|---|
| राजस्थान एज्यूकेशन फण्डिंग पोर्टल | ज्ञान संकल्प पोर्टल |
| एज्यूकेशन फण्ड (शिक्षा कोष) | मुख्यमंत्री विद्यादान कोष |

उपरोक्तानुसार निर्धारित किये गये नामों के आधार पर इस पोर्टल एवं एज्यूकेशन फण्ड (शिक्षा कोष) की ब्रैंडिंग एवं मार्केटिंग की जावे।

भवदीय

(आर.एस. झालानी)
शासन उप सचिव–प्रथम

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार ।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार ।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग।